**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**
**FINAL EXAMINATION YEAR 2023- 2024**

**CLASS : V** | **SUBJECT : HINDI** | **TIMING : 2 HOURS**
**DATE : 12 /02/2024** | **MARKS : 80**

---

**सूचना :- प्रश्न** 1 से 4 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Answersheet पर लिखिए और **प्रश्न** 5 से 10 तक के सभी **प्रश्नों** के उत्तर Question Paper पर ही लिखिए।

प्रश्न 1 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [10]

i) नए वर्ष का पहला दिन ii) मेरी प्यारी दादी iii) मेरा प्रिय खिलौना
iv) मकरसंक्रांति का त्योहार

प्रश्न 2 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]

i) माता जी की तबीयत ख़राब होने पर दो दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए।

अथवा

ii) हिन्दी के पेपर में सबसे अच्छे अंक लाने की बात बताते हुए दादा जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 3 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक गाँव में एक व्यक्ति के पास 19 ऊंट थे। एक दिन उस व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। मृत्यु के पश्चात वसीयत पढ़ी गयी। जिसमें लिखा था कि मेरे 19 ऊंटों में से आधे मेरे बेटे को,19 ऊंटों में से एक चौथाई मेरी बेटी को, और 19 ऊंटों में से पांचवाँ हिस्सा मेरे नौकर को दे दिए जाएँ। सब लोग चक्कर में पड़ गए कि ये बँटवारा कैसे हो? 19 ऊंटों का आधा अर्थात एक ऊँट काटना पड़ेगा, फिर तो ऊँट ही मर जायेगा। चलो एक को काट दिया तो बचे 18 उनका एक चौथाई साढ़े चार- साढ़े चार, फिर? सब बड़ी उलझन में थे। फिर पड़ोस के गांव से एक बुद्धिमान व्यक्ति को बुलाया गया। वह बुद्धिमान व्यक्ति अपने ऊँट पर चढ़ कर आया, समस्या सुनी, थोडा दिमाग लगाया, फिर बोला इन 19 ऊंटों में मेरा भी ऊँट मिलाकर बाँट दो । सबने सोचा कि एक तो मरने वाला पागल था, जो ऐसी वसीयत कर के चला गया, और अब ये दूसरा पागल आ गया

जो बोलता है कि उनमें मेरा भी ऊँट मिलाकर बाँट दो। फिर भी सब ने सोचा बात मान लेने में क्या हर्ज है।

19+1=20 हुए । 20 का आधा 10, बेटे को दे दिए । 20 का चौथाई 5, बेटी को दे दिए । 20 का पांचवाँ हिस्सा 4, नौकर को दे दिए । 10+5+4=19

बच गया एक ऊँट, जो बुद्धिमान व्यक्ति का था वो उसे लेकर अपने गाँव लौट गया। इस तरह 1 ऊँट मिलाने से, बाकी 19 ऊँटों का बंटवारा सुख, शांति, संतोष व आनंद से हो गया। सो हम सब के जीवन में भी 19 ऊँट होते हैं।

प्रश्न –

i) गाँव के एक व्यक्ति के पास कितने ऊँट थे ? [1]

ii) व्यक्ति की वसीयत में क्या लिखा था ? [2]

iii) उस व्यक्ति ने क्या हल ( solution) निकाला? [2]

iv) बुद्धिमान व्यक्ति की बात सुनकर सब लोगों ने क्या सोचा ? [2]

v) बेटी को कितने ऊँट मिले ? [1]

vi) नौकर को कितने ऊँट मिले ? [1]

vii) ऊँटों का बटवारा कैसे हुआ ? [1]

प्रश्न 4 (अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (नवभारती हिन्दी पाठमाला)

i) तेनालीराम ने सजा से बचने के लिए क्या किया ? [3]

ii) दादी ने राजा हरिशचंद्र के बारे में क्या बताया ? [3]

iii) बचपन में देखे नाटकों का गाँधी जी पर क्या प्रभाव पड़ा ? [3]

iv) ‘ कबीर के दोहे ’ में से आपको कौन-सा दोहा सबसे अच्छा लगा और क्यों ? [3]

v) ‘ सच ? बड़ा बहादुर लड़का है I ’ दादी ने यह बात उसे खुश करने के लिए कही है, ऐसा स्वामी को क्यों लगा ? [3]

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए I (रंगमंच)

i) गोविंद के घबराने का क्या कारण था ? [2]

ii) गोविंद और गोकुल में से आपको किसका चरित्र सबसे अच्छा लगा और क्यों ? [2]

iii) ‘ ग़रीबी ग़ुलामी से अच्छी ’ कहानी से आपको क्या सीख मिलती है ? [2]

सूचना :- प्रश्नपत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए I

नाम : ____________________ कक्षा : _______________ अनुक्रमांक :____________

प्रश्न 5 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए I [4]

पोथी पढ़ि - पढ़ि __________________________________________________

________________________________________________________पंडित होय II

ऐसी बानी ________________________________________________________

________________________________________________________सीतल होय II

प्रश्न 6 एक – एक वाक्य में उत्तर लिखिए I [5]

i) गुरू और भगवान में से कबीरदास जी ने किसे बड़ा कहा है ?

________________________________________________________________________

ii) पोरबंदर से आकर गाँधी जी कहाँ रहने लगे थे ?

________________________________________________________________________

iii) स्वामीनाथन अधीर होकर दादी की कहानी ख़त्म होने का इंतज़ार क्यों करने लगा ?

________________________________________________________________________

iv) पुरोहित ने ‘ मृत्यु देवता ’ किसे कहा ?

________________________________________________________________________

v) गोकुल क्या काम करता था ?

______________________________________________

प्रश्न 7 शब्दार्थ लिखिए I [3]

i) अवसर - ________________ ii) संदेह - ________________

iii) झेंपू - ________________ iv) खोय - ________________

v) हिरदै - ________________ vi) पुरस्कार - ________________

प्रश्न 8 किसने – किससे कहा लिखिए I [3]

i) " ओह दादी! आप नहीं जानतीं, राजम कितनी ऊँची चीज़ है I"

__________________ ने ____________________ से कहा I

ii) " ये तुम दोनों क्या खुसर - फुसर कर रहे हो? " I

___________________ ने ____________________ से कहा I

iii) " नौकरी क्या है, अफ़सरी है I घर का कामकाज करने के लिए तो और बहुत-से नौकर हैं I "

___________________ ने _____________________से कहा I

प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने ‘ सही ’ तथा गलत के सामने ‘ गलत ’ लिखिए। [2]

i) तरबूज़ उगने में दो - तीन महीने लगते है। ________

ii) स्वामीनाथन दादी से प्यार नहीं करता था। ________

iii) गाँधी जी ने परीक्षा के समय सभी शब्द सही लिखे थे। ________

iv) मीठा बोलने से दूसरों को और ख़ुद को भी अच्छा लगता है । ________

प्रश्न 10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [2]

i) रात - ______________ ______________

ii) शरीर - ______________ ______________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [2]

i) उतार - ______________ ii) गुण - ______________

iii) मधुर - ______________ iv) तुच्छ - ______________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए। [2]

i) गाँव ने रहनेवाला - ____________________________

ii) देखने वाला - ____________________________

iii) जो पढ़ना - लिखना जानता हो - ____________________________

iv) जिस जानवर को पाला जाए - ____________________________

4) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द पहचानकर उनके भेद लिखिए। [2]

i) पूजा के लिए पाँच केले लाओ। ______________________________

ii) संतरे मीठे हैं। ______________________________________

5) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए। [2]

i) परंतू - _____________ ii) गौल - ______________

iii) दिवार - _____________ iv) समाजिक - ______________

6) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। [2]

i) वह कपड़ा पहन रहा है। __________________________________

iii) माता जी बैठे हैं। _______________________________________

7) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए I [3]

i) आँखें खुलना - ______________________________

ii) भीगी बिल्ली बनना - ______________________________

iii) अगर - मगर करना - ______________________________